दिनांक 19 मई 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सीजी टीका में पंजीयन के पूरे प्रोसेस उपरांत जिन हितग्राहियों को टीका लगना है उसकी सूची भी केंद्रों में हो रही है चस्पा,

भिलाई नगर/ निगम प्रशासन द्वारा टीकाकरण केंद्रों में व्यापक व्यवस्था बनाने के लिए नित्य नए प्रयास किया जा रहा है! आज कई टीकाकरण केंद्रों में जिन हितग्राहियों ने सीजी टीका पोर्टल में अपना पंजीयन कर निर्धारित केंद्र जहां टीकाकरण करवाना चाहते हैं वहां का शेड्यूल निर्धारित किया था , उनकी सूची टीकाकरण केंद्रों में चस्पा की गई थी , ताकि हितग्राही आकर सूची का अवलोकन कर लें और इस आधार पर आश्वस्त हो जाए कि इसी केंद्र में उनका टीकाकरण होना है! कई दफा पंजीयन के अधूरे प्रक्रिया के कारण हितग्राही भ्रमित रहते हैं इसलिए शेड्यूल की प्रक्रिया पूर्ण करना आवश्यक है! अधूरे पंजीयन के कारण टीकाकरण केंद्र में हितग्राही का नाम दर्शित नहीं होता है! और जानकारी के अभाव में अनावश्यक ही अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं , ऐसे लोगों को राहत मिलेगी! कई टीकाकरण केंद्रों में आज से सूची चस्पा करने की शुरुआत की गई है! इसे प्रत्येक टीकाकरण केंद्रों में चस्पा करने टीम को प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि हितग्राही सूची का अवलोकन कर सके और सूची दर्शित होने के आधार पर उनके द्वारा शेड्यूल में डाले गए निर्धारित टीकाकरण केंद्र में टीका लगवा सकें! दरअसल सीजी टीका पोर्टल में पूर्ण रूप से पंजीयन करने के पश्चात इनके नाम की सूची टीकाकरण टीम को प्रदर्शित होने लगती है, इसी सूची के आधार पर टीकाकरण किया जाता है, अब इस सूची को केंद्र पर चस्पा करने का काम आज से प्रारंभ कर दिया गया है! उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने टीकाकरण केंद्रों में व्यापक व्यवस्था बनवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं! भिलाई निगम द्वारा टीकाकरण को आसान बनाने लोगों को अनावश्यक भीड़ से निजात दिलाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है! पंजीयन की सहायता के लिए प्रत्येक जोन कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है, इसी के साथ ही अब निगम मुख्य कार्यालय में भी हेल्प डेस्क प्रारंभ कर दिया गया है! जहां पर ऐसे हितग्राही जो टीकाकरण कराने की इच्छुक हैं और उनके पास मोबाइल एवं इंटरनेट की सुविधा नहीं है तथा पंजीयन प्रोसेस की जानकारी से अनभिज्ञ हैं , वैसे 18 से 44 वर्ष उम्र के व्यक्ति संपर्क कर पंजीयन के लिए सहायता प्राप्त कर सकते हैं!